लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **इन्द्रजीत सिंह,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/02/2018 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 01.01.2018

श्री शिव शंकर पिता चुन्नीलाल दाधीच मु. पो. रेवाडा, वाया पहुंना, तहसील राशमी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

निर्णय

दिनांक 25.01.2018

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 23.11.2017 को रजिस्टर्ड ड़ाक से प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 02/2018/(25.01)/02 दिनांक 01.01.2018 से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को दिनांक 25.01.2018 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 25.01.2018 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थी नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुआ।

प्रकरण संख्या 02/2018 (सू.अ.)
श्री शिव शंकर दाधीच मु. पो. रेवाडा तहसील राशमी बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्र क्रमांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2018/52 दिनांक 22.01.2018 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार है:–

1. यह है कि प्रार्थी श्री शिव शंकर पिता चुन्नीलाल दाधीच मु. पो. रेवाड़ा तहसील राशमी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आवेदन पत्र दिनांक 23.11.2017 को प्रस्तुत किया। उक्त प्रार्थी प्रार्थना पत्र उक्त संदर्भित पत्रांक से इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।
2. यह है कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र से चाही जा रही सूचना प्रभारी अधिकारी, सतर्कता अनुभाग, जिला कार्यालय चित्तौड़गढ़ से प्राप्त कर जिनके पत्रांक/सतर्कता/7(1–4)2017/206 दिनांक 18.01.2018 से प्राप्त सूचना कुल किता–30 के इस कार्यालय के पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2018/1745 दिनांक 19.01.2018 से भिजवाई जा रही है। पत्र की प्रति संलग्न है।
3. यह है कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 23.11.2017 के संबंध में सूचना आज दिनांक 19.01.2018 को रजिस्टर्ड ड़ाक द्वारा भिजवाई जा रही है जिससे इस कार्यालय स्तर से अब कोई कार्यवाही की आवश्यकता नहीं रहती है। अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील पर जवाब स्वीकार कर प्रस्तुत अपील निरस्त योग्य होने से अपील को निरस्त कराने का श्रम करावें।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2018/52 दिनांक 22.01.2018 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नकों का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना/प्रतिलिपियां लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2018/1745 दिनांक 19.01.2018 रजिस्टर्ड से निः शुल्क उपलब्ध कराई जा चुकी है।

प्रकरण संख्या 02/2018 (सू.अ.)
श्री शिव शंकर दाधीच मु. पो. रेवाडा तहसील राशमी बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचनाऐं चाहने हेतु आवेदन पत्र दिनांक 23.11.2017 को रजिस्टर्ड ड़ाक से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ के कार्यालय में प्रेषित किया गया है जिससे लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ का कथन की, उक्त आवेदन पत्र दिनांक 23.11.2017 उनके कार्यालय में प्राप्त नहीं होकर इस अपील मेमों के साथ प्राप्त हुआ है मानने योग्य नहीं है।

अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचनाऐं उसे आवेदन प्रस्तुत करने की दिनांक से 30 दिवस के भीतर उपलब्ध नहीं कराई जाकर विलम्ब से उपलब्ध कराई गई है अतः भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृति न हो।

चूंकि अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना/प्रतिलिपियां निः शुल्क उपलब्ध हो जाने से अब इस प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं रहती है। अतः अपील अपीलार्थी सारहीन होने से खारीज की जाती है।

(इन्द्रजीत सिंह)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/सरिश्ता/प्र.सं./02/2018(सू.अ.)/ दिनांकः– / /2018

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़
2. श्री शिव शंकर पिता चुन्नीलाल दाधीच मु. पो. रेवाड़ा, वाया पहुंना, तहसील राशमी, जिला चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)